# कृतज्ञता ज्ञापन

- सर्वप्रथम मैं परमपिता परमेश्वर के चरणों में नत्मस्तक होता हूँ, जिनकी असीम कृपा दृष्टि से मैं अपने शोध–प्रबन्ध को सम्पूर्ण करने में समर्थ हो पाया हूँ।
- मैं हार्दिक धन्यवादी हूँ, असिस्टैंट प्रोफेसर डॉ. अश्विनी कुमार सिंह जी का, जिन्होंने इस विषय के चुनाव से लेकर शोध–कार्य की सम्पूर्णता तक मेरा मार्गदर्शन किया। आप जी मेरे प्रेरणा–स्त्रोत हैं और इस शोध कार्य के निर्देशक भी हैं।
- मैं अपने माता श्रीमति सुखपाल कौर, पिता स. मलकीत सिंह जी का धन्यवादी हूँ, जिन्होंने हर कठिन समय में सदैव प्रेरणा, आशीर्वाद एवं हिम्मत प्रदान की।
- मैं प्रो॰ (डॉ॰) अजय अष्टापुत्रे (पूर्व डीन संकाय) और प्रो॰ (डॉ॰) राजेश केलकर, विभागाध्यक्ष एवम डीन संकाय शास्त्रीय संगीत गायन विभाग का ऋणी हूँ, जिन्होंने मेरे इस शोध–कार्य को सम्पूर्ण करने में समय–समय पर अपना सहयोग दिया।
- मैं श्रीमति हंसा मेहता लाईब्रेरी, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा, गुजरात, भाई गुरदास लाईब्रेरी, गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, भाई काहन सिंह नाभा लाईब्रेरी, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला एवं ए.सी. जोशी लाईब्रेरी, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के समूह स्टाफ का तह दिल से हार्दिक धन्यवादी हूँ, जिन्होंने इस शोध कार्य से सम्बन्धित सामग्री को एकत्रित करने के लिए मेरी सहायता की। सभी सम्माननीय साक्षात्कृतों, कव्वाल करामत फकीर, कव्वाल जावेद इरशाद, श्री गुलशन मीर साहब, पद्‌मश्री पूरन चंद वडाली, पद्‌मश्री हंस राज हंस, हरमेश रंगीला, शौकत अली दीवाना, सरदार अली, फिरोज़ खान, मास्टर सलीम, शौकत अली और गुलाम अली, डॉ. प्रेम सागर जी, विनोद खुराना, शमशाद अली, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. अरुण मिश्रा भेंटवार्ता, प्रो. (डॉ.) राजेश मोहन और साक्षात्कार सूची में दिये गये अन्य साक्षात्कृतों का हार्दिक धन्यवादी हूँ, जिन्होंने साक्षात्कार के लिए अपना अमूल्य समय व सहयोग दोनों प्रदान किए तथा मेरा शोध–प्रबन्ध सम्पूर्ण हो सका।

**–जगदीप सिंह**